प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(बेसिक),
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकःशि०नि०(बे०)/स्काउट/ 16399-496 /2024-25 दिनांक 06 जून 2024

विषयःस्काउटिंग/गाइडिंग को कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के प्राथमिक विद्यालयों में प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

बालचर(स्काउटिंग) के कार्यक्रम बच्चे के शारीरिक एवं मानसिक योग्यताओं का पूर्ण विकास करने में सहायक है। कब/बुलबुल तथा स्काउट/गाइड कार्यक्रमों द्वारा बच्चों में उच्च कोटि की नैतिकता, अनुशासन, राष्ट्रीय एकता की भावना तथा चरित्र निर्माण आदि गुणों का विकास होता है।

बालचर(स्काउटिंग) को कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के प्राथमिक विद्यालयों में प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने के संबंध में आपको निम्नवत् निर्देशित किया जाता है-

1- अपने मण्डल/जनपद के कक्षा 1 से 5 तक संचालित प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में कम से कम एक-एक यूनिट(दल) **कब तथा बुलबुल** की अवश्य पंजीकृत करायें, प्रत्येक दल में 24 कब अथवा 24 बुलबुल होंगें, इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 तक संचालित प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में कम से कम एक-एक यूनिट(दल) **स्काउट तथा गाइड** की अवश्य पंजीकृत करायें, प्रत्येक दल में 32 स्काउट अथवा 32 गाइड होंगें। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर दलों की संख्या उसी अनुपात में बढ़ाई जा सकती है। पूर्व से पंजीकृत दलों (कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड) का नवीनीकरण भी अवश्य करायें। **दल पंजीकरण/ नवीनीकरण शुल्क भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० संस्था द्वारा वहन किया जायेगा एवं विद्यालयों द्वारा किसी प्रकार का पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क देय नहीं होगा। दल पंजीकरण/नवीनीकरण** हेतु निर्धारित प्रपत्र संलग्न है।

2- नये दलों का पंजीकरण तथा पुराने पंजीकृत दलों के नवीनीकरण की कार्यवाही कराते हुए सम्पूर्ण सूचना/पंजीकरण/नवीनीकरण फार्म निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 15.07.2024 तक निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3- ऐसे परिषदीय विद्यालयों में जहाँ यूनिट लीडर के रूप में अध्यापक/अध्यापिकायें प्रशिक्षित नहीं है। उनका प्रशिक्षण भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० संस्था के माध्यम से कराया जायेगा। यह प्रशिक्षण 7 दिवसीय एवं आवासीय होगा। प्रारम्भ में प्रत्येक जनपद से 50-50 अध्यापक/अध्यापिकायें प्रशिक्षण हेतु प्रस्तावित है, इसके लिए प्रत्येक जिले से 50 अध्यापक/अध्यापिकाओं को नामित करने के उपरांत उनकी सूची भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० प्रादेशिक संस्था को 20 जून, 2024 तक उपलब्ध करा दें, ताकि भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० प्रादेशिक संस्था द्वारा उनका प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जा सके। प्रशिक्षण हेतु ऐसे विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को प्राथमिकता दी जाये, जिन विद्यालयों में कब/बुलबुल अथवा स्काउट/गाइड दल गठित हैं अथवा जिनके द्वारा प्रथम बार प्रशिक्षण प्राप्त किया जाना है।

Scanned with OKEN Scanner

4– डी०बी०टी० योजना के माध्यम से 2 सेट यूनीफार्म हेतु प्रेषित धनराशि से पंजीकृत (कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड) दलों के छात्र–छात्राओं को 1 सेट स्कूल यूनीफार्म एवं 1 सेट स्काउट/गाइड की यूनिफार्म अभिभावकों द्वारा दिलवाई जाए।

5– कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड का कम से कम एक बैण्ड प्रत्येक जनपद ब्लाक स्तर पर तैयार किया जाए तथा कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड के इस बैण्ड की प्रतियोगिता भी जनपदीय तथा अंतर्जनपदीय स्तर पर आयोजित की जाए।

6– भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० संस्था द्वारा जिले एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाने वाली बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता (2024–25) एवं जनपद/प्रादेशिक स्तर पर सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता (2024–25) में अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं (कब/बुलबुल एवं स्काउट/गाइड) को प्रतिभाग कराया जाये, जिससे अधिक से अधिक छात्र–छात्राएँ लाभान्वित हो सकें, विस्तृत निर्देश संलग्न हैं।

7– कक्षा 6, 7 एवं 8 हेतु स्काउट गाइड पाठ्यक्रम का निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार नियमित पठन–पाठन कराया जाए।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीय,

(प्रताप सिंह बघेल) 6.6.24
शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ०सं०:शि०नि०(बे०)/स्काउट/ 16399-496 /2024–25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा अनुभाग–5, उत्तर प्रदेश शासन।
4. प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया निःशुल्क पंजीकरण/नवीनीकरण तथा चिन्हित अध्यापक/अध्यापिकाओं का प्रशिक्षण कराने का कष्ट करें।

(प्रताप सिंह बघेल) 6.6.24
शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner

# BHARAT SCOUT AND GUIDE, UTTAR PRADESH

**State Headquarters, Gole Market, Mahanagar, Lucknow**

**Cub/Bulbul (Pack/Flock), Scout/Guide(Troop/Company), Rover/Ranger(Crew/Team)**

To be filled by State Headquarters
Registration Number
.....................................................
Date : ..............................................

1. District : ........................................................................ Region : ........................................................................
2. Complete name of the Unit : ........................................................................ Section ..........................
3. Address of the Unit : ........................................................................
4. Is the Unit open or controlled through any School/Institution : ........................................................................
5. Number of Members : .................................. Unit Mail id : ........................................................................
6. Scouting/Guiding Qualification : ........................................................................ Mobile Number : ..............................
7. Duration of Basic Course/Date Of Beginner's Course : ........................................................................

- Name of the Leader of the Course of the Basic Course/Beginners' Course: ........................................................................

**DETAILS OF THE UNIT/GROUP**

| SECTION | NUMBER | SECTION | NUMBER | SECTION | NUMBER | SECTION | NUMBER |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CUB | | SCOUT | | ROVER | | SCOUTER | |
| BULBUL | | GUIDE | | RANGER | | GUIDER | |

**Signature of the Principal / Group Leader Leader** **Signature of the Unit**

**Signature of the District Secretary**
**Respective District**

**INSTRUCTIONS**

1. *This application form will be filled up in duplicate and sent to State Headquarters after due signatures from respective District Officials.*
2. *The Registration Fee payable to State Headquarters will be sent through Demand Draft / RTGS / NEFT / Money Transfer, according to the following details :-*

**DETAILS OF THE BANK ACCOUNT**

| | |
|---|---|
| Account Holder | State Secretary, U.P. Bharat Scouts & Guides |
| Account Number | 10122401342 |
| Name of the Bank | State Bank of India, Jawahar Bhawan, Lucknow |
| IFSC Code | SBI0006144 |

**DETAILS OF THE FEE STRUCTURE**

| S.No. | Section | Registration Fee (Payable One time at the time of registration) | | | Renewal Fee (To be paid each financial year after one year of registration) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | State Fee | District Fee | Total Fee | State Fee | District Fee | Total Fee |
| 1 | Cub / Bulbul | 331/- | 49/- | 380/- | 316/- | 49/- | 365/- |
| 2 | Scout/Guide | 701/- | 119/- | 820/- | 676/- | 94/- | 770/- |
| 3 | Rover/Ranger | 629/- | 151/- | 780/- | 604/- | 126/- | 730/- |

Scanned with OKEN Scanner

# BHARAT SCOUTS AND GUIDES, UTTAR PRADESH

## Online Youth Membership System

**Online Unit Registration form**

**OYMS Website : www.scout.ind.in**

1. District :..............................

2. Unit Name: ..........................................................................................................

3. Tahseel : ..............................................................................................................

4. Area of Unit : *(Rural/Urban Area)*.....................................................................................

5. Unit Type : *(Open/Sponsored)* ..............................................................................

6. Unit Registration No.: ..........................................Date: ..............................................

7. Unit Leader Contact No.: .....................................WhatsApp No: .......................................

8. Unit Mail Id :...................................................................................................................

9. School/College Name: ....................................................................................................

10. Unit/School Address: .......................................................................................................

.........................................................................................................Pin Code : ...............................

11. Type School/ Institution: *(Govt./Govt. Aided/ Open Group/ Private (Unaided)/ CBSE/ ISCE) :*........................

12. Education Level: .............................................................................................................

*(Open Group, (PS) Primary Level (Class 1st to 5th) Basic School, (UPS) Upper Primary Level (Class 6st to 8th) Basic School, Primary & Junior Secondary Level (Class 1st to 8th), Higher Secondary Level (Class 1st to 10th), Higher Secondary Level (Class 6st to 10th), Primary to Secondary Level (Class 1th to 12th), Intermediate Level (Class 6th to 12th), Degree College, Open Group.)*

13. Education System: (*Co-Education, Boys Only, Girls Only.)* ........................................................................

*Name of unit Leader :* ..........................

*Signature of Unit Leader*

Scanned with OKEN Scanner

## Unit Leader (Teacher) Registration form

1. District :..............................

2. Type of Unit (Cub/Bulbul,Scout/Guide, Rover/Ranger) .....................................................

3. Name of the Unit Leader ....................................................................................................

4. Email. ID. :..........................................................................................................................

5. Mobile Number : .................................................................................................................

6. Warrant Number : . ............................................................Date .....................................

*Signature of Unit Leader*

Scanned with OKEN Scanner

## Students (C/B,S/G,R/R) Registration form

District :.......................... Unit Name ...................................................................................

| SL. | *NAME | *FATHER'S NAME | EMAIL ID. | MOB. NO. | AADHAR NO. | *DOB |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |
| 7 | | | | | | |
| 8 | | | | | | |
| 9 | | | | | | |
| 10 | | | | | | |
| 11 | | | | | | |
| 12 | | | | | | |
| 13 | | | | | | |
| 14 | | | | | | |
| 15 | | | | | | |
| 16 | | | | | | |
| 17 | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | | | | | | |
| 19 | | | | | | |
| 20 | | | | | | |
| 21 | | | | | | |
| 22 | | | | | | |
| 23 | | | | | | |
| 24 | | | | | | |
| 25 | | | | | | |
| 26 | | | | | | |
| 27 | | | | | | |
| 28 | | | | | | |
| 29 | | | | | | |
| 30 | | | | | | |
| 31 | | | | | | |
| 32 | | | | | | |

*Signature of the Principal / Group Leader*

Scanned with OKEN Scanner

फोन : 0522-4323838
9839392275

# भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र०

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ - 226006
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org
रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

मुख्य संरक्षक माननीय श्री राज्यपाल उ० प्र०
उप मुख्य संरक्षक माननीय मुख्यमंत्री उ० प्र०
अध्यक्ष डा०महेन्द्र सिंह पूर्व मंत्री "जल शक्ति" उ० प्र०
मुख्यायुक्त डा० प्रभात कुमार आई०ए०एस०(सेवानि०) पूर्व अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०

पत्रांक संख्या – स०. cg./ 324 /2024-25 दिनांक 13-05-24

सेवा में,

समस्त जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।

**विषयः–बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

कब/बुल–बुल, स्काउट/गाइड के प्रोत्साहन के लिए जनपद/प्रदेश स्तर पर बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 मे भी किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे संबंधित विस्तृत निर्देश संलग्न कर प्रेषित किए जा रहे हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि ज्ञान प्रतियोगिता में अपने जनपद के अधिक से अधिक कब/बुल–बुल, स्काउट/गाइड की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय
13/05/2024
(ड0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

संलग्नकः–उक्तवत्।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :–**

1–जिलाधिकारी/जिला अध्यक्ष, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
2–समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।
3–समस्त सहायक प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।
4–प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।
5–प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6–प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0,।
7–समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को इस निर्देश साथ कि वह अपने मण्डल स्थित जनपदो से उक्त प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभागिता कराना सुनिश्चित करें।
8–समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
9–समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
10–समस्त जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।
11–समस्त जिला संगठन/ प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

13/05/2024
(डॉ० प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

## बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता नियमावली
## (कब–बुलबुल / स्काउट–गाइड)

जनपद / प्रदेश स्तर पर कब–बुलबुल, स्काउट–गाइड, ज्ञान प्रतियोगिता (बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता) के संबंध में दिशा निर्देश निम्नवत हैं :–

(1) प्रतियोगिता की श्रेणी :– बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता राजस्व जिलो हेतु 2 श्रेणियों में आयोजित होंगी।
**अ– कब, बुलबुल**
**ब– स्काउट, गाइड**

(2) आयु– 01.07.2024 को :– 6 वर्ष से 10 वर्ष के बीच की आयु वाले कब–बुलबुल तथा 11 वर्ष से 17 वर्ष के बीच की आयु वाले स्काउट–गाइड इसके पात्र होंगे।

(3) प्रतियोगिता का आयोजन :–बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता 2 स्तर पर आयोजित की जायेगी–

1–जनपद स्तर पर :– उन सभी प्रतिभागियों की परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिन्होंने निर्धारित तिथि तक पंजीकरण करा लिया हो।

2–प्रादेशिक स्तर पर :–जनपद से प्रत्येक श्रेणी की दोनो संवर्गो में प्रथम 3 स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा प्रादेशिक स्तर पर आयोजित की जायेगी, जिसके आधार पर दोंनो श्रेणी के चारो संवर्गो में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों का चयन किया जायेगा।

(4) पंजीकरण :– जनपद स्तर पर दोनो श्रेणियो में प्रतिभाग करने वाले कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड का पंजीकरण जनपद द्वारा 15 जुलाई से 30 सितम्बर,2024 के मध्य किया जायेगा। पंजीकरण संलग्न प्रारूप पर किया जायेगा।

प्रत्येक प्रतिभागी से पंजीकरण शुल्क के रूप में रू0 100.00 लिया जायेगा जिसमें से रू0 60.00 जनपद स्तर पर परीक्षा के आयोजन हेतु तथा रू0 40.00 प्रदेश को भेजे जायेंगे। जनपद स्तर पर कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जिला मुख्यायुक्त तथा जिला सचिव द्वारा हस्ताक्षरित की जायेगी। तथा श्रेणीवार व संवर्गवार प्रादेशिक अंश के साथ प्रत्येक दशा में 15 अक्टूबर, 2024 तक प्रादेशिक मुख्यालय को भेज दी जायेगी।

(5) जनपद स्तर पर बी0एस0जी0 ज्ञान परीक्षा का आयोजन – जनपद स्तर पर परीक्षा का आयोजन 16 अक्टूबर से 15 नवम्बर, के मध्य किया जायेगा। परीक्षा जिला मुख्यायुक्त के नेतृत्व में आयोजित करायी जायेगी, जिसकी तिथि व स्थान का निर्धारण प्रत्येक जनपद में जिला मुख्यायुक्त द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

परीक्षा की तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व अर्ह प्रतिभागियों को जनपद द्वारा प्रवेश पत्र देना सुनिश्चित किया जायेगा। प्रत्येक परीक्षा वस्तुनिष्ठ व बहु विकल्पीय प्रश्नों के

...2/–

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

आधार पर होगी जिसका पाठ्यक्रम ए0पी0आर0ओ0 भाग 2 व 3 के आधार पर रखा जायेगा तथा उसी के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र दिया जायेगा। परीक्षा में प्रश्न पत्र कुल 50 प्रश्नो का होगा। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का होगा। अतः परीक्षा के कुल प्राप्तांक 150 होंगे। परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की जायेगी। प्रत्येक 1 गलत अंक पर 1 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी अर्थात 1 गलत उत्तर पर एक अंक कटेगा। उदाहरणार्थ यदि किसी अभ्यर्थी ने 50 प्रश्नो में से कुल 40 प्रश्नो का उत्तर दिया है जिसमें से उसके 30 प्रश्न सही एंव 10 प्रश्न गलत है तो उसको कुल प्राप्तांक ( 30 **x** 3)–(10 **x** 1 ) **=** 80 होंगे ।

**(6) <u>परीक्षा हेतु निर्देश</u>** :–जनपद स्तर पर परीक्षा जिला मुख्यायुक्त के निर्देशन में कराई जायेगी ।

**(अ)–<u>जनपद स्तर पर</u>** –

जिला मुख्यायुक्त निम्नानुसार 3 सदस्यीय एक आयोजन समिति गठित करेंगे । जिसकी अध्यक्षता जिला मुख्यायुक्त करेंगे :–

**1– जिला मुख्यायुक्त– अध्यक्ष।**
**2– जिला कमिश्नर (स्काउट) / जिला कमिश्नर (गाइड–) सदस्य।**
**3– जिला सचिव / जिला संगठन कमिश्नर ( स्काउट अथवा गाइड )–सदस्य।**

**(i)** आयोजन समिति द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधानुसार परीक्षा केन्द्रों का तथा परीक्षा की तिथि व समय का निर्धारण किया जायेगा।

**(ii)** प्रश्न पत्रों का निर्माण जिला मुख्यायुक्त द्वारा अपने स्वय के निर्देशन में कराया जायेगा तथा उसमें पूर्ण गोपनीयता रखी जायेगी।

**(iii)** प्रश्न पत्र परीक्षा स्थल पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व ही उपलब्ध कराये जायें और व्यवस्थापक तथा योजना समिति के किसी सदस्य की उपस्थिति में ही खोले जायेंगे तथा इसका प्रमाणक लिखित में रखा जायेगा।

**(iv)** यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कक्ष निरीक्षक के रूप में जिसे नियुक्त किया जाय वह स्काउट/गाइड से संबंधित व्यक्ति न हो।

**(v)** परीक्षा के उपरांत जिला मुख्यायुक्त द्वारा अपनी देखरेख में उत्तर पुस्तिकाओं का श्रेणीवार व वर्गवार पृथक – पृथक मूल्यांकन कराया जायेगा तथा श्रेणीवार प्रतिभागियों की मेरिट लिस्ट बनाई जायेगी।

**(vi)** प्रत्येक श्रेणी के प्रथम 3 प्रतिभागियों की सूची दिनांक 05.10.2024 तक प्रत्येक दशा में प्रादेशिक मुख्यालय को उपलब्ध करा दी जायेगी।

**(vii)** बहु विकल्पीय मॉडल प्रश्न पत्रों का प्रारूप व पाठ्य कम संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

**(ब)– <u>प्रादेशिक स्तर पर</u>** –

**(i)** प्रादेशिक स्तर पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त के निर्देशन मे बी0एस0जी0 ज्ञान परीक्षा प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज पर आयोजित की जायेगी। विशेष परिस्थिति में अन्य परीक्षा केन्द्र बनाने पर भी विचार किया जा सकता है ।

...3/–

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

**(ii)** प्रादेशिक परीक्षा दिनांक 28.12.2024 को आयोजित की जायेगी। प्रादेशिक स्तर की परीक्षा में प्रत्येक जनपद से प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक विंग से प्रथम तीन प्रतिभागी भाग लेने के लिए अर्ह होंगे।

**(iii)** परीक्षा हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को प्रदेश संस्था द्वारा ऑन लाइन प्रवेश पत्र जारी किए जायेंगे।

**(iv)** प्रादेशिक परीक्षा का पाठ्यक्रम तथा प्रश्नपत्रों का प्रकार एंव निगेटिव मार्किंग जनपद स्तर की परीक्षा के अनुरूप ही होगा।

(7) <u>पुरस्कार</u> – प्रादेशिक स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए परीक्षा में कम से कम 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के नामों पर विचार नहीं किया जायेगा :–

| कम सं0 | स्तर / विंग | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्काउट | रू0 10,000.00 | रू0 7,000.00 | रू0 5,000.00 |
| 2 | गाइड | रू0 10,000.00 | रू0 7,000.00 | रू0 5,000.00 |
| 3 | कब | रू0 5,000.00 | रू0 3,000.00 | रू0 2,000.00 |
| 4 | बुलबुल | रू0 5000.00 | रू0 3,000.00 | रू0 2,000.00 |

(8) <u>ध्यान रखने योग्य तिथियाँ / माइल स्टोन –</u>

| | |
|---|---|
| (अ) प्रदेश स्तर से बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता के निर्देश प्रसारित होने की तिथि– | 15.05.2024 |
| (ब) जनपद स्तर पर अभ्यर्थियों के पंजीकरण की तिथि– | 15.07.2024 से 30 सितम्बर, 2024 |
| (स) जनपद स्तर परीक्षा आयोजन एंव अंतिम परिणाम का प्रकाशन– | 16.10.2024 से 15 नवम्बर 24 के मध्य |
| (द) जनपद स्तर पर संवर्गवार चयनित पृथक–पृथक 3 प्रतिभागियों की सूची पंजीकरण धनराशि सहित प्रादेशिक मुख्यालय में उपलब्ध कराने की तिथि – | 05.12.2024 |
| (य) प्रदेश स्तर पर परीक्षा की तिथि– | 28 दिसम्बर, 2024 |

**(9)** यदि कोई प्रतिभागी पूर्व में दो बार प्रथम पुरस्कार अपने संवर्ग में ले चुका है तो वह उस संवर्ग में कोई भी पुरस्कार लेने के लिए अर्ह नही होगा। इसी प्रकार द्वितीय अथवा तृतीय पुरस्कार प्राप्त ऐसे अभ्यर्थी जो दो बार एक ही श्रेणी का पुरस्कार ले चुके हैं, वे उससे ऊपर की श्रेणी में ही पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अर्ह होंगे।

(10) <u>प्रतियोगिता का प्रचार व प्रसार</u> – जनपद स्तर पर प्रतियोगिता का प्रचार प्रसार करने का उत्तरदायित्व जनपद संस्था का होगा । जिला मुख्यायुक्तों से यह अपेक्षा है कि वे अपने नेतृत्व में प्रतियोगिता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और अधिकतम बच्चों का पंजीकरण करायें। प्रत्येक जनपद के लिए प्रतिभागियों का लक्ष्य वर्ष 2024–25 के लक्ष्य में निर्धारित किया गया है ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागी इस ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में भाग ले सकें एंव स्काउट और गाइड के नियमों से लाभान्वित हो सकें।

08/05/2024

Chief Commissioner
Bharat Scouts & Guides
Uttar Pradesh, Lucknow

Scanned with OKEN Scanner

# भारत स्काउट एण्ड गाइड, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक प्रधान कार्यालयः स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ-226006
रजिस्ट्रेशन संख्या एस0 1-9407/1959-1960
E.Mail :upscoutsguides@yahoo.comWebsite : www. bsgup.org
फोनः 0522-4323838 मो0नं0-9839392275

पत्रांक-टी0एस0-64/ विविध/ सर्वोत्तम कैडेट/ 278 /2024-2025 दि0- 8 मई,2024

प्रेषक,

प्रादेशिक मुख्यायुक्त,
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

सेवा में,

समस्त जिला मुख्यायुक्त
राजस्व जिला संस्था
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

**विषयः-द्वितीय सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0 द्वारा स्काउटिंग/गाइडिंग में गुणवत्ता की दृष्टिकोण से व्यक्तिगत क्षमता वृद्धि एवं आत्मविश्वास वृद्धि जिससे यूनिफार्म एवं व्यक्तित्व प्रदर्शन के प्रति जागरूकता एवं सम्मान के भाव की उत्पत्ति तथा विषय विशेष में दक्षता प्राप्ति हेतु **वर्ष 2024-25 हेतु द्वितीय सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रतियोगिता संलग्न निर्देशों के अनुरूप राजस्व जिला स्तर पर आयोजित की जायेगी तथा प्रत्येक संवर्ग में राजस्व जिले में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड को प्रादेशिक स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु राजस्व जिले द्वारा संस्तुत किया जायेगा। प्रादेशिक स्तर पर होने वाली सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता में प्रत्येक संवर्ग से सर्वश्रेष्ठ दो स्काउट दो गाइड, दो कब दो बुलबुल प्रतिभाग करेगें।

निर्देशों के अन्तर्गत प्रतियोगिता से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों की समय सीमा निर्धारित की गयी है। ध्यान रहे कि यह समय सीमा किसी भी दशा में विस्तारित नही की जायेगी। सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता में जिन राजस्व जिलों में सर्वाधिक प्रतिभागिता राजस्व जिले स्तर पर होगी उन राजस्व जिलों को भी पुरस्कार देने पर विचार किया जायेगा।

भवदीय
08/05/2024

(डा0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महानिदेशक स्कूल शिक्षा (बेसिक एवं माध्यमिक)उ0प्र0।
2. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) उ0प्र0।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0।
4. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
5. प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
6. प्रादेशिक संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।
7. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,उ0प्र0।
8. समस्त सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0।
9. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,उ0प्र0।
10. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,उ0प्र0।
11. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0।

08/05/24.

(डा0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड,उ0प्र0

Scanned with OKEN Scanner

# प्रतियोगिता का नाम

## सर्वोत्तम कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड प्रतियोगिता

## कार्यक्रम आयोजन हेतु समय – सीमा – चक्र

| क्रम | कार्य | समय सीमा |
|---|---|---|
| 1. | प्रतियोगिता का उद्देश्य | संगठन में गुणवत्ता के दृष्टिकोण से व्यक्तिगत क्षमता वृद्धि एवं आत्म विश्वास वृद्धि। जिससे यूनिफार्म एवं व्यक्तित्व प्रदर्शन के प्रति जागरूकता एवं सम्मान का भाव उत्पन्न हो सके तथा विषय विशेष में दक्षता प्राप्त कर सके। |
| 2. | प्रतिभागिता के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना प्रसारण (निर्देश सहित) | 15 मई,2024 तक |
| 3. | जनपद स्तर पर पंजीकरण की प्रकिया | 01 अगस्त,2024 से 30 सितम्बर,2024 तक |
| 4. | जनपद स्तर पर चयन प्रकिया एवं अन्तिम परिणाम | माह 15 अक्टूबर 2024 से 15 नवम्बर,2024 तक |
| 5. | जनपद स्तर पर संवर्गवार चयनित प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों की सूची पजींकरण शुल्क सहित प्रादेशिक मुख्यालय पर उपलब्ध कराना। | 30 नवम्बर,2024 तक |
| 6. | प्रादेशिक स्तर पर द्वितीय सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन | 11, 12 एवं 13 दिसम्बर,2024 |
| 7. | अर्हता | पंजीकरण दल/कम्पनी/पैक/फ्लाक के योग्य कब/बुल–बुल/स्काउट/गाइड जिनका OYMS पर पंजीकरण हो और वारेन्टेड यूनिट लीडर का बी0एस0जी0 यू0आई0डी0 संख्या आवंटित हो। |

**आवश्यक निर्देश :–**

जिला रैली में प्रत्येक प्रतिभागी से पंजीयन शुल्क रू0–100/जनपद स्तर पर प्राप्त किया जायेगा।

प्रादेशिक स्तर की चयन प्रकिया में प्रतिभागिता हेतु जनपद में पंजीकृत समस्त अभ्यर्थियों की सूची के साथ प्रति प्रतिभागी की दर से रू0–40/पंजीकरण शुल्क अनिवार्य रूप से प्रादेशिक मुख्यालय को प्रेषित करना होगा। यह धनराशि जनपद स्तर पर प्राप्त किये गये पंजीकरण शुल्क से देय होगी।

प्रत्येक जनपद से प्रत्येक संवर्ग (कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड) में प्रथम एवं द्वितीय स्थान हेतु 1–1 प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा। जो प्रादेशिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें।

प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिता में प्रत्येक संवर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में 1–1 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

प्रादेशिक स्तर पर प्रतिभागिता हेतु प्रतिभागी का भोजन एवं आवास सम्बन्धी व्यय प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।

इस प्रकार प्रत्येक संवर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र दिया जायेगा तथा जनपद एवं प्रदेश स्तर दोनों के सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा।

प्रतियोगिता का पाठ्यक्रम APRO भाग–2 एवं 3 में दिए गए चतुर्थ चरण/हीरक पंख (कब बुलबुल के लिए),तृतीय सोपान (स्काउट/गाइड के लिए) स्तर का होगा।

समस्त प्रतियोगिता का मूल्यांकन 100 अंको में होगा। प्रतियोगिता के दो भाग होगे जिसमें से 70 अंक प्रायोगिक परीक्षा हेतु तथा 30 अंक लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित होगा।

पृष्ठ.....2

Scanned with OKEN Scanner

9. प्रायोगिक परीक्षा के लिए विषय एवं अंको का निर्धारण निम्नवत् है:–

(क) –कब / बुलबुल हेतु :– ( आयु–05–10 वर्ष )

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुमान | ऊचांई, दूरी, संख्या, वजन, चौड़ाई। | 10 अंक |
| 2. | नक्षत्र ज्ञान | तारा समूह का ज्ञान, ध्रुव तारे की पहचान। | 15 अंक |
| 3. | टर्न आउट | वर्दी, मार्चिंग, हाथ, सीटी संकेत। | 15 अंक |
| 4. | दिशा ज्ञान | प्राकृतिक चिह्नों से, मानव निर्मित चिह्नों से एवं कम्पास से। | 10 अंक |
| 5. | हस्तकौशल | विशिष्ट अवसरो के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाना, मिट्टी के मॉडल बनाना। | 10 अंक |
| 6. | यातायात संकेत एवं सड़क सुरक्षा | लाल, पीले एवं हरे रंग के संकेत का अर्थ, सड़क पर बाये या दाये हाथ के मुड़ने का संकेत एवं सड़क पार करने का नियम एवं अन्य सामान्य नियम। | 10 अंक |

9. (ख) स्काउट / गाइड हेतु:–(आयु–10–17 वर्ष )

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुमान | ऊचांई, दूरी, संख्या, वजन, चौड़ाई। | 10 अंक |
| 2 | नक्षत्र ज्ञान | तारा समूह का ज्ञान, ध्रुव तारे की पहचान, राशिगत तारो का ज्ञान, तारा समूह के सहयोग से दिशा ज्ञान (प्रायोगिक) | 10 अंक |
| 3 | टर्न आउट | वर्दी, मार्चिंग, सैल्यूटिंग रिर्पोटिंग, हाथ, सीटी संकेत, निरीक्षण, ड्यूटी चेंज। | 15 अंक |
| 4 | मैपिंग | बियरिंग, स्केल,टूरिस्टमैप–मेंकिंग, (कम्पास के सहयोग से ) एवं मैपरीडिंग। | 10 अंक |
| 5 | शेल्टर मैनेजमेंट | वैकल्पिक आवास निर्माण, गैजेट्स मेकिंग। | 10 अंक |
| 6 | प्राथमिक सहायता एवं आपदा प्रबन्धन | स्ट्रेचर ड्रिल पट्टियॉं, हड्डी की टूट, एवं वैकल्पिक साधनों से मरीज ले जाने हेतु स्ट्रेचर का निर्माण एवं प्रदर्शन। | 15 अंक |

10. प्रतिभागियों के मूल्यांकन एक समिति के माध्यम से किया जायेगा। जिसका गठन निम्नवत् होगा।

**(क) जनपद स्तर पर – जिला मुख्यायुक्त के निर्देशन में :–**

1– जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) – नोडल अधिकारी
2– जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) – सदस्य
3– जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) – सदस्य
4– जिला संगठन आयुक्त (गाइड) – सदस्य

उपरोक्त समिति विषयवार 3–3 निर्णायकों का समूह गठित करेगी जिनके सहयोग से मूल्यांकन कार्य किया जायेगा। यह निर्णायक विषय विशेषज्ञ हिमालय वुडबैज से निरन्तर नही होगें।

10. **(ख) प्रादेशिक स्तर पर – प्रादेशिक मुख्यायुक्त के निर्देशन में :–**

1– प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) – नोडल अधिकारी
2– प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) – सदस्य
3– प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) – सदस्य
4– प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) – सदस्य

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त समिति विषयवार 3–3 निर्णायकों का समूह गठित करेगी जिनके सहयोग से मूल्यांकन कार्य किया जायेगा। यह निर्णायक विषय विशेषज्ञ हिमालय वुडबैज से निम्नतर योग्यता के नही होगे।

11. प्रदेश स्तर से प्रतियोगिता में निम्नानुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किये जायगें।

| क0सं0 | स्तर | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्काउट/गाइड | रू.15.000/– | रू.10.000/– | रू. 7.500/– |
| 2 | कब/बुलबुल | रू.10.000/– | रू. 7,500/– | रू. 5.000/– |

**निर्देश बिन्दु :–**

(1)– यह रैली केवल जिला स्तर पर आयोजित होगी।

(2)– जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी प्रादेशिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें।

(3)– प्रतियोगिता निम्नवत् चार संवर्गो में आयोजित होगी।

(क)– कब वर्ग। (ख) – बुलबुल वर्ग ।

(ग) –स्काउट वर्ग। (घ) – गाइड वर्ग।

(4)– प्रतियोगिता में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं माध्यमिक के साथ स्वतंत्र ग्रुप के वर्ष 2023–24 तक नवीनीकृत दलों के ही सदस्य प्रतिभाग करेगें।

(5)– सर्वोत्तम कैडेट के चयन हेतु व्यक्तिगत मूल्यांकन विषयवार किया जायेगा।

(6)– सर्वोत्तम कैडेट के लिए व्यक्तिगत मूल्यांकन उन्ही प्रतिभागियों का किया जायेगा जिनका आवेदन पूर्व में पंजीकरण शुल्क सहित प्रादेशिक मुख्यालय को प्रेषित हुआ होगा।

(7)– प्रतियोगिता के विषय निम्नवत् होगें।

(1)– अनुमान लगाना।

(2)– नक्षत्र ज्ञान।

(3)– टर्न आउट।

(4)– मैपिंग। (मैप मेंकिग एवं मैप रीडिंग)

(5)– हस्तकौशल (केवल कब/बुलबुल हेतु)

(6)– यातायात संकेत एवं सड़क सुरक्षा (कब/बुलबुल हेतु)

(7)– दिशा ज्ञान –(कब/बुलबुल हेतु)।

(8)– शेल्टर मैनेजमेंट (केवल स्काउट/गाइड हेतु)।

(9)– प्राथमिक सहायता एवं आपदा प्रबन्धन (स्काउट/गाइड हेतु)

(10)–प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्धारित समिति की देखरेख में नामित योग्यता प्राप्त परीक्षकों द्वारा किया जायेगा। जो हिमालय वुडबैज की योग्यता से निम्नतर नही होगें।

**स्मरणीय बिन्दु :–**

1. प्रत्येक जनपद से अधिकतम प्रतिभागिता होनी आवश्यक है।
2. यह प्रतियोगिता परम्परागत रैली के स्वरूप में समारोह पूर्वक आयोजित की जायेगी। समारोह की अवधि त्रिदिवसीय होगी,जिसमें मार्च पास्ट,कलर पार्टी एवं कैम्पफायर के कार्यक्रम सम्मिलित किये जा सकते है।
3. रैली समारोह में मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कराकर सम्पूर्ण रैली में इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड की सूची के साथ प्रति प्रतिभागी की दर से पंजीकरण शुल्क एवं मूल्यांकन का परिणाम तत्काल बन्द लिफाफे में नोडल अधिकारी प्रादेशिक मुख्यालय में निर्धारित तिथि तक उपलब्ध करायेगें।
4. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त नामों पर किसी भी दशा में विचार नही किया जायेगा।

———————X———————

Scanned with OKEN Scanner